# भारत का भूगोल
# (India Geography)

## ''7. भारत की मिट्टियाँ''

1. मृदा संरक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित पद्धतियों पर विचार कीजिए –
   1. सस्यावर्तन  2. बालू की बाड़
   3. वेदिका निर्माण  4. वायुरोध

   भारत में मृदा संरक्षण के लिए उपरोक्त में से कौन-सी विधियाँ उपयुक्त समझी जाती हैं?

   (a) 2 और 4
   **(b) 1, 3 और 4**
   (c) 1, 2 और 3
   (d) ये सभी
2. निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है?
   **(a) यह एक क्षारीय मिट्टी है।**
   (b) लैटेराइट मिट्टी सामानयत: अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाई जाती है।
   (c) इस मिट्टी में चाय की भी कृषि की जाती है।
   (d) इस मिट्टी में मुख्यत: मोटे अनाज की खेती की जाती है।
3. निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है?
   (a) इस मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती है।
   (b) इस मिट्टी में लोहा एवं एल्युमिनियम की अधिकता होती है।
   (c) सूख जाने पर यह मिट्टी ईंट की भांति कठोर हो जाती है।
   **(d) लैटेराइट मिट्टी में सिलिका की अधिकता होती है।**
4. मृदा अपरदन क्षेत्र के उपचार है –
   1. समोच्च क्षेत्र की किनाराबंदी
   2. भू-उपयोग का विनियमन
   3. वृक्षों की कटाई
   4. पशुओं को चरने की छूट देना

   (a) 2 व 3
   (b) 3 व 4
   **(c) 1 व 2**
   (d) 1 व 3
5. गंगा के मैदान की पुरानी कछारी मिट्टी कहलाती है .........?
   **(a) बांगर**
   (b) भांवर
   (c) तराई
   (d) खादर
6. भारत के समस्त स्थल भाग का कितना प्रतिशत जलोढ़ मिट्टी से ढ़का है?
   **(a) 24 प्रतिशत**
   (b) 20 प्रतिशत
   (c) 22 प्रतिशत
   (d) 18 प्रतिशत
7. भारत की लैटेराइट मिट्टीयों के बारे में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सही हैं?
   1. ये साधारणत: लाल रंग की होती है।
   2. ये नाइट्रोजन और पोटाश से समूह होती है।
   3. इनका राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश में अच्छा विकास हुआ है।
   4. इन मिट्टियों में टैपियोका और काजू की अच्छी उपज होती है।

   कूट –

   **(a) 2, 3 और 4**
   (b) 2 और 3
   (c) 1 और 4
   (d) 3 और 4
8. निम्नलिखित में से कौनसी मिट्टी प्रायद्वीपीय भारत में अधिकतम क्षेत्र पर विस्तृत है?
   (a) लाल मिट्टी
   (b) जलोढ़ मिट्टी
   **(c) काली मिट्टी**
   (d) लैटेराइट मिट्टी
9. निक्षालन और आक्सीकरण द्वारा निर्मित मृदा कौनसी होती है?
   **(a) मखरला मिट्टी**
   (b) पहाड़ी मिट्टी
   (c) लाल मिट्टी
   (d) काली मिट्टी
10. कपास की खेती के लिए सर्वोत्तम मिट्टी होती है .........?
    (a) लाल मिट्टी
    (b) चिकनी मिट्टी
    (c) लैटेराइट मिट्टी
    **(d) काली मिट्टी**
11. लावा के प्रवाह से किस मिट्टी का निर्माण होता है?
    **(a) काली मिट्टी**
    (b) लाल मिट्टी
    (c) लैटेराइट मिट्टी
    (d) जलोढ़ मिट्टी
12. किस मिट्टी में लोहे और एल्युमिनियम की ग्रंथियाँ पाई जाती हैं?
    **(a) लैटेराइट**
    (b) काली
    (c) लाल
    (d) जलोढ़
13. पुरानी जलोढ़ मिट्टी को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
    **(a) बांगर**
    (b) रेगुड़
    (c) खादर
    (d) कल्लर

14. भारत के उत्तरी मैदान की मृदा सामान्यतः कैसे बनी है?
   (a) उपरदन द्वारा
   **(b) तलोच्चन से**
   (c) तलावचन से
   (d) स्वस्थाने अपचयन द्वारा
15. गंगा के जलोढ़ मिट्टी की भूमि सतह के नीचे है, लगभग -
   (a) 6000 मी.
   (b) 800 मी.
   (c) 100 मी.
   **(d) 600 मी.**
16. गंगा के मैदानों की पुरानी कछारी मिट्टी कहलाती है ........?
   (a) खादर
   (b) रेगुड़
   (c) कल्लर
   **(d) बांगर**
17. भारत में पाई जाने वाली कौनसी मिट्टी क्रेस्टेशियस युग में दरारी उद्‌भेदन से निक्षेपित पदार्थों से बनी है?
   **(a) काली मिट्टी**
   (b) क्षारीय मिट्टी
   (c) बलुई मिट्टी
   (d) लैटेराइट मिट्टी
18. रेगुड़ मिट्टी सबसे ज्यादा पाई जाती है?
   (a) तमिलनाडु में
   (b) राजस्थान में
   (c) गुजरात में
   **(d) महाराष्ट्र में**
19. लैटेराइट मिट्टी का प्रधान्य है ...........?
   (a) बघेलखण्ड में
   (b) बुन्देलखण्ड में
   (c) कोरोमण्डल तटीय प्रदेश में
   **(d) मालाबार तटीय प्रदेश में**
20. भारत में निम्नलिखित में से कौन मृदा समूह लोहे का अतिरेक होने के कारण अनुर्वर होता जा रहा है?
   (a) पॉडजोलिक
   **(b) लैटेराइट**
   (c) मरूस्थलीय बालू
   (d) जलोढ़क
21. निम्नलिखित में से कौनसी मिट्टी सूख जाने पर ईंट की तरह कठोर एवं गीली होने पर दही की तरह लिपलिपी हो जाती है?
   (a) काली मिट्टी
   (b) लाल मिट्टी
   (c) जलोढ़ मिट्टी
   **(d) लैटेराइट मिट्टी**
22. किस प्रकार की मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की अधिकता होती है?
   **(a) काली मिट्टी**
   (b) लाल मिट्टी
   (c) पीट
   (d) जलोढ़
23. महाराष्ट्र में सर्वाधिक मात्रा में पाई जाने वाली उपलब्ध मृदा का प्रकार है ..............?
   (a) लाल मिट्टी
   (b) मरूस्थलीय मिट्टी
   (c) जलोढ़ मिट्टी
   **(d) काली मिट्टी**
24. निम्नलिखित राज्यों में से किसमें भारत की सबसे बड़ी अन्तर्देशीय लवणीय आर्द्र भूमि है?
   (a) मध्य प्रदेश
   **(b) राजस्थान**
   (c) गुजरात
   (d) हरियाणा
25. निम्नलिखित में से किसका संबंध सफेद नमक से है, जो शुष्क मौसम के दौरान कुछ क्षेत्रों में भूमि को आच्छादित कर लेता है?
   (a) रेग
   **(b) ऊसर**
   (c) रेह
   (d) अर्ग
26. रेगुड़ मिट्टी का दूसरा नाम है .............?
   **(a) काली मिट्टी**
   (b) लाल मिट्टी
   (c) मिश्रित लाल-पीली मिट्टी
   (d) ऊसर मिट्टी
27. भारतीय मिट्टी में प्राय: किन दो तत्वों की कमी पाई जाती है, जिससे प्रति हेक्टेयर उत्पादन कम हो जाता है?
   (a) एल्युमिनियम और लोहा
   (b) पोटेशियम और सल्फर
   **(c) फॉस्फोरस और नाइट्रोजन**
   (d) नाइट्रोजन
28. किस किस्म की मिट्टी में जिप्सम का प्रयोग करके उसे फसल उगाने के लिए उपयुक्त बनाया जाता है?
   (a) जलाक्रान्त मृदा
   (b) जिस मिट्टी में क्ले की मात्रा अत्यधिक हो
   (c) क्षारीय
   **(d) अम्लीय**
29. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के अनुसार भारत में कितने प्रकार की मिट्टियाँ पाई जाती हैं?
   **(a) 8**
   (b) 5
   (c) 6
   (d) 7

30. क्षेत्रीय विस्तार और कृषि में महत्व की दृष्टि से भारतीय मिट्टियों के कितने प्रमुख वर्ग हैं?
(a) 6
(b) 5
(c) 2
**(d) 4**

31. भारत में सबसे अधिक उपजाऊ मृदा कौनसी है?
**(a) जलोढ़ मृदा**
(b) चूनेदार मृदा
(c) लाल मृदा
(d) काली मृदा

32. भारत के सर्वाधिक क्षेत्र पर किस प्रकार की मिट्टी का विस्तार पाया जाता है?
(a) काली मिट्टी
(b) लैटेराइट मिट्टी
(c) लाल मिट्टी
**(d) जलोढ़ मिट्टी**

33. क्षेत्रफल के आधार पर भारत की मिट्टियों का सही अवरोही क्रम क्या है?
(a) लाल, जलोढ़, काली, लैटेराइट
(b) जलोढ़, काली, लाल, लैटेराइट
(c) काली, जलोढ़, लाल, लैटेराइट
**(d) जलोढ़, लाल, काली, लैटेराइट**

34. काली मिट्टी का विस्तार पाया जाता है?
(a) गुजरात
(b) महाराष्ट्र
(c) मध्य प्रदेश
**(d) इन सभी में**

35. निम्नलिखित में से कौनसी मिट्टी जैव पदार्थों से भरपूर होती है?
(a) लाल मिट्टी
**(b) काली मिट्टी**
(c) जलोढ़ मिट्टी
(d) मखरली मिट्टी

36. निम्नलिखित में से किस राज्य में लैटेराइट मिट्टी पाई जाती है?
**(a) केरल**
(b) उत्तर प्रदेश
(c) महाराष्ट्र
(d) राजस्थान

37. मृदा अपरदन रोका जा सकता है .............?
(a) वनस्पति उन्मूलन द्वारा
(b) अति चराई द्वारा
(c) पक्षी संख्या में वृद्धि द्वारा
**(d) वन रोपण द्वारा**

38. भारत के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की मिट्टियाँ पाई जाती हैं। इसका प्रमुख कारण है .............?
**(a) जलवायु, संरचना और उच्चावच की विविधता**
(b) संरचना और उच्चावच की विविधता
(c) जलवायु और संरचना की विविधता
(d) जलवायु और उच्चावच की विविधता

39. धान की खेती के लिए सर्वाधिक आदर्श मृदा कौनसी है?
(a) लाल मृदा
**(b) जलोढ़ मृदा**
(c) काली मृदा
(d) लैटेराइट मृदा

40. जलोढ़ मिट्टी में जब बालू के कणों और चीका की मात्रा लगभग बराबर होती है, तो उसे क्या नाम दिया जाता है?
**(a) दोमट**
(b) रेगुड़
(c) कल्लर
(d) रेह

41. तटीय मैदानों और उत्तर भारत के मैदानों में उत्कृष्ट मृदा है?
(a) रूक्ष (शुष्क)
(b) काली
(c) लाल
**(d) जलोढ़**

42. नवीन जलोढ़ मिट्टी को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
(a) बांगर
(b) रेगुड़
(c) कल्लर
**(d) खादर**

43. निम्नलिखित में से किस प्रकार की मिट्टी के लिए न्यूनतम उर्वरक की आवश्यकता होती है?
(a) लाल मिट्टी
(b) लैटराइट मिट्टी
(c) काली मिट्टी
**(d) जलोढ़ मिट्टी**

44. निम्न में से किस मृदा को सिंचाई की कम आवश्यकता होती है, क्योंकि वह नमी रोक कर रखती है, वह कौनसी है?
**(a) काली**
(b) लाल
(c) जलोढ़
(d) लैटराइट

45. भारत में सर्वाधिक क्षारीय मिट्टी का क्षेत्र पाया जाता है?
(a) हरियाणा राज्य में
**(b) गुजरात राज्य में**
(c) उत्तर प्रदेश राज्य में
(d) पंजाब राज्य में

46. रेगुड़ मिट्टी किसकी कृषि के लिए सर्वाधिक उपयुक्त होती है?
    **(a) कपास**
    (b) तम्बाकू
    (c) गन्ना
    (d) मूँगफली
47. काली मिट्टी के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?
    **(a) इसकी जुताई अधिक करनी पड़ती है।**
    (b) सूखने पर काली मिट्टी में दरारें पड़ जाती है।
    (c) इसमें आर्द्रता को अधिक समय तक धारण करने की क्षमता होती है।
    (d) काली मिट्टी कपास की वृद्धि के लिए आदर्श होती है।
48. भारत की निम्नलिखित मृदाओं में से कौनसी बेसाल्ट लावा के अपक्षय के कारण निर्मित हुई है?
    (a) लाल मृदा
    (b) जलोढ़ मृदा
    (c) लैटेराइट मृदा
    **(d) रेगुड़ मृदा**
49. किस मिट्टी में कृषि के लिए सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है?
    (a) जलोढ़ मिट्टी
    (b) लाल मिट्टी
    (c) लैटराइट मिट्टी
    **(d) काली मिट्टी**
50. भारत में काली कपासी मिट्टी को किस स्थानीय नाम से जाना जाता है?
    **(a) रेगुड़**
    (b) तराई
    (c) बांगर
    (d) खादर
51. निम्नलिखित में से किस मिट्टी के बारे में यह कहा जा सकता है, कि इसकी जुताई स्वत: होती रहती है?
    **(a) जलोढ़ मिट्टी**
    (b) लैटेराइट मिट्टी
    (c) लाल मिट्टी
    (d) काली मिट्टी
52. भारत में लाल मिट्टी का सर्वाधिक विस्तार कहाँ पाया जाता है?
    (a) ओड़िशा एवं पश्चिम बंगाल में
    (b) राजस्थान एवं गुजरात में
    (c) मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में
    **(d) आन्ध्र प्रदेश एवं तमिलनाडु में**
53. प्रायद्वीपीय भारत में क्षेत्रीय मृदा के निम्न प्रकारों में से कौनसा है?
    **(a) लाल और पीली मृदा**
    (b) वन मृदा
    (c) खारी मृदा
    (d) जलोढ़ मृदा
54. तमिलनाडु के दो तिहाई क्षेत्र पर किस मिट्टी का विस्तार पाया जाता है?
    (a) लैटेराइट मिट्टी
    **(b) लाल मिट्टी**
    (c) जलोढ़ मिट्टी
    (d) काली मिट्टी
55. लोनी मिट्टी किसका परिणम होती है?
    **(a) उच्च दर का वाष्पीकरण और मिट्टी का बहुत थोड़ा निक्षालन**
    (b) उच्च अवक्षेपण तथा मिट्टी का बहुत कम निक्षालन
    (c) मिट्टी का निक्षालन तथा बहुत अधिक अवक्षेपण
    (d) इनमें से कोई नहीं
56. लाल मिट्टी के संबंध में कौनसा कथन असत्य है?
    (a) यह शुष्क और आर्द्र क्षेत्रों में पाई जाती है।
    (b) लौह ऑक्साइड की उपस्थिति के कारण इसका रंग लाल होता है।
    **(c) यह मिट्टी नदी-घाटियों में पाई जाती है।**
    (d) यह अधिकांशत: तमिलनाडु और आन्ध्र प्रदेश में पाई जाती है।
57. लैटेराइट मिट्टी महत्वपूर्ण रूप से पाई जाती है?
    (a) कोरोमण्डल तटीय क्षेत्र में
    **(b) मालाबार तटीय क्षेत्र में**
    (c) बघेलखण्ड में
    (d) बुन्देलखण्ड में